हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
9 जून 2026, बरेली

कांस्य पदक जीतने पर महिला टीम सम्मानित

मेडल जीतने वाली टीम को मय कोच के साथ किया गया सम्मानित ।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस के इनडोर स्टेडियम में सोमवार को 13वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट के दौरान यूपी की महिला टेबल टेनिस टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने यूपी टीम की सभी महिला सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर शुभकामनाएं दीं। नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पहली बार कोई पदक जीतने पर महिला टीम की पांच सदस्यों आरती चौधरी, अवनी त्रिपाठी, दिशा, अंबिका गुप्ता और एलोना मिश्रा को 6000-6000 रुपये की नकद राशि दी गई। टीम की दो खिलाड़ियों आरती चौधरी, अवनी त्रिपाठी को नेशनल वुमेंस डबल्स में कांस्य पदक लाने पर 15000-15000 हजार का नकद पुरस्कार अलग से दिया गया। इस दौरान टीम के दोनों कोच पराग अग्रवाल, सौरभ पोद्दार को पांच-पांच हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, यूपीटीटीए के सेक्रेटरी अरुण बनर्जी, निर्मोय मित्रा ने पुरस्कार प्रदान किया। डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन बरेली के सचिव डॉ. दीपेंद्र कमथान ने यूपी की महिला टीम को बधाई दी।